A

SAMAGRA SHIKSHA - KERALA

1009

SECOND TERMINAL EVALUATION - 2018-19

Third Language | **Time : 90 minutes**

STD. X | **HINDI** | **Score : 40**

सामान्य निर्देश :

- 15 मिनट का कूल ऑफ़ टाईम दिया जाएगा।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

सूचना : 'ठाकुर का कुआँ' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

गंगी ने पानी न दिया। खराब पानी से बीमारी बढ़ जाएगी इतना जानती थी, परंतु यह न जानती थी कि पानी को उबाल देने से उसकी खराबी जाती रहती है। बोली- "यह पानी कैसे पिओगे? न जाने कौन जानवर मरा है। कुएँ से मैं दूसरा पानी लाए देती हूँ।" जोखू ने आश्चर्य से उसकी ओर देखा- "पानी कहाँ से लाएगी?"
"ठाकुर और साहू के दो कुएँ तो हैं। क्या एक लोटा पानी न भरने देंगे?"

1. 'पानी की खराबी जाती रहती है' का मतलब है– 1

   (क) पानी शुद्ध हो जाता है।
   (ख) पानी गंदा हो जाता है।
   (ग) पानी से बदबू आती है।
   (घ) पानी गरम हो जाता है।

2. गंगी ने जोखू को पानी न दिया। क्यों? 2

3. कहानी के इस प्रसंग के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें। 4

अथवा

संकेतों की मदद से गंगी की चरित्रगत विशेषताओं पर टिप्पणी लिखें।

- पति से प्यार करनेवाली।
- सामाजिक असमताओं का विरोध करनेवाली।
- आत्मविश्वास रखनेवाली।

सूचना : 'सबसे बड़ा शो मैन' जीवनी का यह अंश पढ़ें, 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> लोग चिल्लाने लगे। कहीं से कुछ लोग म्याऊं-म्याऊं की आवाज़ निकालने लगे। इस अभद्र शोर ने माँ को स्टेज से हटने को मजबूर कर दिया।

4. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। 1

(क) दर्शकों के प्रोत्साहन से गायिका को स्टेज छोड़ना पड़ा।

(ख) दर्शकों के अभिनंदन से गायिका को स्टेज छोड़ना पड़ा।

(ग) दर्शकों के अभद्र शोर से गायिका को स्टेज छोड़ना पड़ा।

(घ) दर्शकों के ताली बजाने से गायिका को स्टेज छोड़ना पड़ा।

5. उचित विकल्प चुनकर वाक्य की पूर्ति करें। 1

लोग चिल्लाने लगे। तब माँ........................।

(क) रोने लगा। (ख) रोनी लगी।

(ग) रोना लगे। (घ) रोने लगी।

6. अपनी आवाज़ फटने से माँ को दुख हुआ। साथ ही चार्ली की शो से बड़ी खुशी भी हुई। माँ की उस दिन की संभावित डायरी लिखें। (डायरी 80 शब्दों की हो।) 4

सूचना : 'अकाल और उसके बाद' कविता की पंक्तियाँ पढ़ें, 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास
> कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास
> कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त
> कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त।

7. यहाँ किस हालत का चित्रण है? 1

(क) अकाल के बाद का।

(ख) अकाल का।

(ग) अकाल की संभावना का।

(घ) अकाल के पहले का।

8. चूल्हा और चक्की क्यों दुखी रहते हैं? 2

9. कवि और कविता का परिचय देते हुए इन पंक्तियों का आशय लिखें। 4

सूचना : 'ऊँट बनाम रेलगाड़ी' का यह अंश पढ़ें और 10 से 12 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> पोखरण, जोधपुर और जैसलमेर के बीच में पड़ता है। हमारी पसंद की जगह पोखरण से बीस मील पश्चिम यानी जैसलमेर की तरफ थी। लेकिन हमें भरोसा था कि रेलवे अधिकारियों से बातचीत करके हम उस ट्रेन को आगे वहाँ ले जाएँगे जहाँ शूटिंग होनी थी।

10. सत्यजीत राय यहाँ किस फिल्म की शूटिंग का किस्सा कहते हैं? 1

(क) ऊँट बनाम रेलगाड़ी। (ख) सोनार केल्ला।
(ग) पाथेर पांचाली (घ) बादशाही अंगूठी।

11. '**उसको**' में निहित सर्वनाम कौन-सा है? 1

(क) वे (ख) ये
(ग) यह (घ) वह

12. पोखरण कहाँ स्थित है? 1

13. इस प्रसंग पर सत्यजीत राय और रेलवे अधिकारी के बीच की बातचीत लिखें। 4

सूचना : 'बसंत मेरे गाँव का' लेख का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 14 से 16 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> अंतिम दिन इकट्ठी की गई सामग्री से सामूहिक भोज बनाया जाता है। इस आयोजन में बड़ों की भूमिका केवल सलाह देने तक सीमित होती है। बाकी सारे काम बच्चे करते हैं।

14. 'बच्चे' के स्थान पर 'बच्चियाँ' का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें। 1

> **बच्चे** सारे काम **करते हैं**।

15. वाक्य पिरामिड की पूर्ति करके लिखें। 2



16. उत्तराखंड कला समिति के नेतृत्व में दहरादून में फूलदेई का त्यौहार मनाया जाता है। इसके प्रचार के लिए संकेतों की सहायता से पोस्टर तैयार करें। 4

- फूलों की प्रदर्शनी
- कला-कार्यक्रम
- सामूहिक भोज
- लोकगीत

अथवा

उत्तराखंड कला समिति के नेतृत्व में दहरादून में फूलदेई का त्यौहार मनाया गया। इसपर समाचार पत्र के लिए रपट तैयार करें।

सूचना : निम्नलिखित कविता पढ़ें और 17 से 19 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

मन करता है मेरा
बारिश के पानी में मैं
अपनी छोंटी नाव चलाऊँ
मन करता है मेरा
मैं भी मोर की तरह नाचूँ
मन करता है मेरा
कीचड़ में उछलूँ-कूदूँ
पर मम्मी मना करती है
अब मैं क्या करूँ।

17. कविता को उचित शीर्षक दें। 1

18. बच्चा अपनी छोटी नाव कहाँ चलाना चाहता है? 1

19. कविता के आधार पर आशयों का सही मिलान करें। 4

बारिश में बच्चा	• पानी में कुछ भी करने नहीं देती।
बच्चे की माँ अपने बेटे को	• बच्चे को अच्छा लगता है।
असहाय होकर बच्चा पूछता है	• मोर की तरह नाचना चाहता है।
कीचड़ में उछलना-कूदना	• कि मैं क्या करूँ।